जलमार्ग परिवहन का होगा विस्तार, यातायात और माल ढुलाई के लिए प्रयोग होगा

प्रदेश में गठित होगा अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण: मुख्यमंत्री

तैयारी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में जलमार्गों के सृजन विकास और उन्हें यातायात व माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की जरूरत है। इसे नियोजित रूप देते हुए अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाए। इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विमर्श किया और अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिकांश नदियों में हर समय नदियों में पर्याप्त जल उपलब्ध रहता है। बदलते समय के साथ इस सेक्टर को उपेक्षित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अंतर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित समस्त गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगा।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आए लोगों की परेशानियों को सुना और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

परिवहन मंत्री होंगे पदेन अध्यक्ष

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण में परिवहन मंत्री को पदेन अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाना चाहिए, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में जल परिवहन क्षेत्र में सुदीर्घ अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ की तैनाती की जाए। प्रदेश के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को प्राधिकरण के सीईओ की भूमिका दी जाए। इसके अलावा, वित्त, संस्कृति, सिंचाई तथा वन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को बतौर सदस्य सम्मिलित किया जाना चाहिए।

स्टार्टअप की दुनिया में विशिष्ट बना देश:योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 21वीं सदी टेक्नोलॉजी की सदी है। हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का समावेश हो चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में भारत ने इनोवेशन एवं स्टार्टअप के माध्यम से विश्व पटल पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को यहां अपने आवास पर गौतमबुद्धनगर में आयोजित वर्ल्ड रोबोटिक्स चैम्पियनशिप-टेक्नोजियान के सप्तम संस्करण के समापन कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'टेक्नोजियान वर्ल्ड कप' का सप्तम संस्करण विश्व की सबसे बड़ी रोबोटिक्स चैम्पियनशिप है। सीएम ने कहा, स्टार्टअप इण्डिया, स्टैण्डअप इण्डिया, अटल इनोवेशन मिशन, पीएम रिसर्च फेलोशिप जैसे कार्यक्रमों ने देश के युवाओं के लिए सम्भावनाओं के नए द्वार खोले हैं। इसमें उत्तर प्रदेश भी देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित है।